# *भारत का विदेश व्यापार : अप्रैल 2010 **

इस लेख में अप्रैल 2010 के दौरान, भारत के वणिक माल के व्यापार संबंधी कार्यनिष्पादन की समीक्षा वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआइएंडएस) द्वारा जारी आंकड़ों के आधार पर की गई है। अप्रैल-नवंबर 2009 के अलग-अलग पण्यवार ब्योरों का विश्लेषण भी किया गया है।

## मुख्य -मुख्य बातें

- अप्रैल 2010 के दौरान, 16.9 बिलियन अमरीकी डॉलर पर भारत के पण्य निर्यात में अप्रैल 2009 के 32.8 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 36.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह लगातार सातवां महीना है, जिसमें निर्यात में अक्तूबर 2009 से धनात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।

- अप्रैल 2010 के दौरान, 27.3 बिलियन अमरीकी डॉलर पर भारत के पण्य आयात में अप्रैल 2009 के 37.2 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 43.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसका कारण 'पेट्रोलियम, तेल और चिकनाई' (पीओएल) तथा गैर-पीओएल दोनों में हुई वृद्धि है। यह लगातार छठवां महीना है, जिसमें आयात में धनात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।

- अप्रैल 2010 के दौरान, 8.1 बिलियन अमरीकी डॉलर पर 'पेट्रोलियम, तेल और चिकनाई' (पीओएल) के आयात में अप्रैल 2009 के 46.9 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 70.5 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर्ज की गई। इसका प्राथमिक कारण माह के दौरान कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हुई वृद्धि है। अप्रैल 2010 के दौरान, कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का औसत मूल्य 83.8 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल रहा, जो अप्रैल 2009 के 50.4 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल से 66.1 प्रतिशत अधिक था।

- अप्रैल 2010 के दौरान, 19.2 बिलियन अमरीकी डॉलर पर गैर-पीओएल आयात में अप्रैल 2009

* यह लेख अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभाग, आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक में तैयार किया गया है । इस लेख का पिछला अंक जून 2010 के रिज़र्व बैंक के बुलेटिन में प्रकाशित किया गया है।

की 33.1 प्रतिशत गिरावट के मुकाबले 34.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

- अप्रैल 2010 के दौरान, व्यापार घाटा 10.4 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो अप्रैल 2009 के 6.7 बिलियन अमरीकी डॉलर से 3.7 बिलियन अमरीकी डॉलर (56.6 प्रतिशत) अधिक था। इसका कारण माह के दौरान निर्यात की तुलना में आयात में हुई अपेक्षाकृत उच्च वृद्धि था।

- अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, तेल खाते पर व्यापार घाटा 35.7 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो एक वर्ष पूर्व के 54.4 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में 18.7 बिलियन अमरीकी डॉलर कम था। इस अवधि के दौरान, गैर-तेल खाते पर व्यापार घाटा 29.4 बिलियन अमरीकी डॉलर था, जो अप्रैल-नवंबर 2008 के 45.8 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में 16.4 बिलियन अमरीकी डॉलर कम था।

## अप्रैल-2010 के दौरान भारत का पण्य व्यापार


### *निर्यात*

अप्रैल 2010 के दौरान, 16.9 बिलियन अमरीकी डॉलर पर भारत के पण्य निर्यात में अप्रैल 2009 में हुई 32.8 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 36.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई (विवरण 1)। यह लगातार सातवां महीना है जिसमें निर्यात ने अक्तूबर 2008 से एक वर्ष तक गिरावट के बाद धनात्मक वृद्धि दर्ज की है। अप्रैल 2010 का निर्यात मूल्य अप्रैल 2009 के निर्यात मूल्य से अधिक था, लेकिन वह अप्रैल 2008 में दर्ज किए गए 18.5 बिलियन अमरीकी डॉलर के निर्यात मूल्य से कम था (चार्ट 1 और सारणी 1)।

अप्रैल-नवंबर 2009 के लिए वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआइएंडएस) द्वारा जारी पण्य-वार निर्यात आंकड़ों से यह पता चलता है कि विनिर्मित वस्तुओं ने 65.9 प्रतिशत पर अपना सबसे अधिक हिस्सा बनाए रखा। उसके बाद पेट्रोलियम उत्पाद (15.0 प्रतिशत) और प्राथमिक उत्पाद (13.6 प्रतिशत) रहे। इसके अतिरिक्त, विनिर्मित वस्तुओं और प्राथमिक उत्पादों के हिस्से में वृद्धि हो गई, जबकि पेट्रोलियम उत्पादों के हिस्से में गिरावट आई (सारणी 2)।

अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, सभी प्रमुख पण्य समूहों के निर्यात में गिरावट आ गई (विवरण 2)। इस अवधि के दौरान, समग्र निर्यात में गिरावट का कारण कृषि और संबद्ध उत्पाद, इंजीनियरिंग वस्तुओं, रसायन और संबद्ध उत्पाद, रत्न और आभूषण और तेल के निर्यात में आई गिरावट है। क्षेत्र, जिनमें सुधार हो रहा है

चार्ट 1: निर्यात, आयात और व्यापार शेष



**सारणी 1: भारत का पण्य व्यापार: अप्रैल**

(बिलियन अमरीकी डॉलर)

| मदें | 2009-10 सं | 2010-11 अ |
|---|---|---|
| | अप्रैल | |
| 1 | 2 | 3 |
| **निर्यात** | **12.4 (-32.8)** | **16.9 (36.2)** |
| तेल निर्यात | 1.5 (-46.6) | .. |
| गैर-तेल निर्यात | 10.9 (-30.3) | .. |
| **आयात** | **19.1 (-37.2)** | **27.3 (43.3)** |
| तेल आयात | 4.7 (-46.9) | 8.1 (70.5) |
| गैर-तेल आयात | 14.3 (-33.1) | 19.2 (34.3) |
| **व्यापार शेष** | **-6.7** | **-10.4** |
| तेल व्यापार शेष | -3.2 | .. |
| गैर-तेल व्यापार शेष | -3.4 | .. |

सं: संशोधित अ:अनंतिम .. उपलब्ध नहीं है।
**नोट** : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े पूर्ववर्ती वर्ष की इसी अवधि की तुलना में प्रतिशत बदलाव दर्शाते हैं।
**स्रोत** : वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय तथा डीजीसीआइएंडएस आंकड़ों से संकलित।

लेकिन अब भी नकारात्मक क्षेत्र में हैं, उनमें अयस्क और खनिज, वस्त्र और वस्त्रोत्पाद और चमड़ा और उसके उत्पाद शामिल हैं।

अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, 16.3 बिलियन अमरीकी डॉलर पर पेट्रोलियम उत्पाद के निर्यात में एक वर्ष पूर्व हुई 28.4 प्रतिशत की उच्च वृद्धि के मुकाबले 26.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह अप्रैल-नवंबर 2008 की तुलना में अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, तेल की कीमतों में विश्वभर में आई तीव्र गिरावट के बाद का परिणाम है (चार्ट 3)। तेल की कीमतों में गिरावट का प्रमुख कारण इनका सिंगापुर और यूएई को निर्यात में आई गिरावट है, जिनका दोनों मिलाकर भारत के तेल निर्यात में 21 प्रतिशत हिस्सा है। तथापि, इस अवधि के दौरान, इनकी निर्यात मात्रा में अप्रैल-नवंबर 2008 के 8.7 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में 15.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

कृषि और संबद्ध उत्पाद में आई गिरावट का मुख्य कारण इन उत्पादों का यूस, यूएई, बांगलादेश और सऊदी अरब को हुए निर्यात में, जिनका भारत के कृषि और संबद्ध उत्पाद के निर्यात में कुल हिस्सा लगभग 30 प्रतिशत है, आई गिरावट है। रसायन के निर्यात में आई गिरावट का प्रमुख कारण उनके जर्मनी और यूएई को निर्यात में आई गिरावट है। रत्न और आभूषणों के निर्यात

**सारणी 2: भारत के प्रधान पण्यों का निर्यात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| पण्य समूह | 2007-08 | 2008-09 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल-मार्च | | अप्रैल-नवंबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **16.9** | **13.7** | **13.3** | **13.6** |
| कृषि और संबद्ध उत्पाद | 11.3 | 9.5 | 9.5 | 9.2 |
| अयस्क और खनिज | 5.6 | 4.2 | 3.8 | 4.4 |
| **II. विनिर्मित माल** | **63.2** | **66.5** | **65.4** | **65.9** |
| चमड़े और विनिर्मित वस्तुएं | 2.2 | 1.9 | 1.9 | 1.9 |
| रसायन और संबंधित उत्पाद | 13.0 | 12.3 | 12.0 | 12.9 |
| इंजीनियरिंग सामान | 22.9 | 25.5 | 25.0 | 22.7 |
| वस्त्र और वस्त्र उत्पाद | 11.9 | 10.8 | 10.0 | 11.2 |
| रत्न और आभूषण | 12.1 | 15.1 | 15.7 | 16.1 |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **17.4** | **14.5** | **16.5** | **15.0** |
| **IV. अन्य** | **2.5** | **5.3** | **4.8** | **5.5** |
| **कुल निर्यात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत** : डीजीसीआइएण्डएस आंकड़ों से संकलित।

में आई गिरावट मुख्य रूप से यूएस और बेल्जियम, जिनका भारत के रत्न और आभूषणों के निर्यात में लगभग एक चौथाई हिस्सा होता है, को निर्यात में आई कमी है। इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात में आई गिरावट मुख्य रूप से यूएस, यूएई और सिंगापुर, जिनका भारत के इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात में लगभग पच्चीस प्रतिशत हिस्सा है, को निर्यात में आई कमी है ।

अयस्क और खनिज के निर्यात में हुए सुधार का प्रमुख कारण हांगकांग, जापान और दक्षिण कोरिया को इन उत्पादों के निर्यात में हुई वृद्धि है। चमड़ा और चमड़े के उत्पाद में हुए सुधार का प्रमुख कारण फ्रांस और यूके को इन उत्पादों के निर्यात में हुई वृद्धि है। यूएई, स्पेन, फ्रांस और पाकिस्तान, जिनका भारत के वस्त्र निर्यात में लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा है, को निर्यात में हुई वृद्धि के कारण वस्त्रों के निर्यात में सुधार हुआ है।

गन्तव्य-वार, अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, क्षेत्रों के बीच, विकासशील देश और ओईसीडी देश अपने समूहों में क्रमशः 37.6 प्रतिशत और 36.6 प्रतिशत हिस्से के साथ भारत से निर्यात के प्रमुख बाजार रहे (सारणी 3)। ओपेक देश 21.8 प्रतिशत के हिस्से के साथ अन्य प्रमुख अंशदाता रहे। अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, ओईसीडी और विकासशील देशों के हिस्से में वृद्धि हो गई, जबकि ओपेक देशों के हिस्से में गिरावट आई है। अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, देश-वार भारत के कुल निर्यात में 13.3 प्रतिशत हिस्से के साथ संयुक्त अरब अमीरात भारत का सबसे बड़ा गन्तव्य स्थान रहा। उसके बाद अमरीका, चीन, हांगकांग, सिंगापुर, और नीदरलैंड का स्थान था। भारत के कुल निर्यात में इन छः देशों का हिस्सा 42.1 प्रतिशत था। अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, भारत के निर्यात की दिशा से यह संकेत मिला कि ईयू, ओपेक और विकासशील देश जैसे सभी प्रमुख बाजारों को निर्यात में गिरावट आई है (विवरण 3)।

**सारणी 3: प्रधान क्षेत्रों को भारत के निर्यात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| क्षेत्र / देश | 2007-08 | 2008-09 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल - मार्च | | अप्रैल - नवंबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. ओईसीडी देश** | **39.5** | **36.9** | **36.1** | **36.6** |
| यूरोपीय संघ | 21.2 | 21.0 | 20.3 | 20.5 |
| उत्तरी अमरीका | 13.5 | 12.1 | 12.0 | 11.7 |
| अमरीका | 12.7 | 11.3 | 11.3 | 11.1 |
| एशिया और ओशेनिया | 3.2 | 2.5 | 2.4 | 3.0 |
| अन्य ओईसीडी देश | 1.6 | 1.4 | 1.4 | 1.3 |
| **II. ओपेक** | **16.6** | **21.0** | **22.0** | **21.8** |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1.1** | **1.1** | **1.1** | **1.0** |
| **IV. विकासशील देश** | **42.5** | **37.0** | **37.2** | **37.6** |
| एशिया | 31.6 | 27.7 | 27.1 | 28.3 |
| सार्क | 5.9 | 4.6 | 4.6 | 4.5 |
| अन्य एशियाई विकासशील देश | 25.7 | 23.1 | 22.5 | 23.8 |
| पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चायना | 6.6 | 5.0 | 4.3 | 5.4 |
| अफ्रीका | 7.5 | 6.2 | 6.6 | 6.2 |
| लैटिन अमरीका | 3.4 | 3.1 | 3.5 | 3.1 |
| **V. अन्य/ अविनिर्दिष्ट** | **0.3** | **4.0** | **3.6** | **3.0** |
| **कुल निर्यात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत** : डीजीसीआइएण्डएस आंकड़ों से संकलित।

*आयात*

अप्रैल 2010 के दौरान, 27.3 बिलियन अमरीकी डॉलर पर आयात में, अप्रैल 2009 की 37.2 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में, 43.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसका कारण पेट्रोलियम, तेल और चिकनाई (पीओएल) और गैर-पीओएल आयात दोनों में हुई वृद्धि है (विवरण 1)। आयात में ग्यारह महीनों की लगातार गिरावट आने के बाद, नवंबर 2009 में आयात में टर्नअराउंड हुआ। यह लगातार छठा महीना है, जिसमें आयात में धनात्मक वृद्धि दर्ज की गई है (सारणी 1 और चार्ट 1)।

अप्रैल 2010 के दौरान, 8.1 बिलियन अमरीकी डॉलर पर पीओएल के आयात में अप्रैल 2009 के 46.9 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में 70.5 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर्ज की गई। इसका प्राथमिक कारण माह के दौरान कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हुई वृद्धि है। अप्रैल 2010 के दौरान, कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का औसत मूल्य 83.8 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल रहा, जो अप्रैल 2009 के 50.4 अमरीकी डॉलर प्रति बैरल से 66.1 प्रतिशत अधिक था (सारणी 4)। अप्रैल 2010 के दौरान, 19.2 बिलियन अमरीकी डॉलर पर गैर-पीओएल आयात में अप्रैल 2009 में हुई 33.1 प्रतिशत गिरावट की तुलना में 34.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

अप्रैल-नवंबर 2009 के पण्य-वार आयात आंकड़े इस बात का संकेत देते हैं कि 52.0 बिलियन अमरीकी डॉलर पर पीओएल आयात में, एक वर्ष पूर्व की 60.8 प्रतिशत की उच्च वृद्धि के मुकाबले, 32.0 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसका प्रमुख कारण अवधि के दौरान कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हुई गिरावट है (विवरण 4) । लेकिन अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान, पीओएल के आयात की मात्रा में 9.0 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले 11.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, 121.9 बिलियन अमरीकी डॉलर पर गैर-पीओएल आयात में 2008 की तदनुरूप अवधि की 36.5 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले 22.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

**सारणी 4: कच्चे तेल के मूल्यों का रुझान**

(अमरीकी डॉलर / बैरल)

| वर्ष | दुबई | ब्रेंट | डब्ल्यूटी आइ* | भारतीय बास्केट** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2001-02 | 21.8 | 23.2 | 24.1 | 22.4 |
| 2002-03 | 25.9 | 27.6 | 29.2 | 26.6 |
| 2003-04 | 26.9 | 29.0 | 31.4 | 27.8 |
| 2004-05 | 36.4 | 42.2 | 45.0 | 39.2 |
| 2005-06 | 53.4 | 58.0 | 59.9 | 55.7 |
| 2006-07 | 60.9 | 64.4 | 64.7 | 62.4 |
| 2007-08 | 77.3 | 82.4 | 82.3 | 79.5 |
| 2008-09 | 82.1 | 84.7 | 85.8 | 82.7 |
| 2009-10 | 69.6 | 69.8 | 70.6 | 69.6 |
| अप्रैल 2009 | 50.2 | 50.9 | 49.8 | 50.4 |
| अप्रैल 2010 | 83.1 | 85.0 | 84.5 | 83.8 |

* पश्चिम टेक्सास मध्यवर्ती।

** 1 अप्रैल 2009 से कच्चे तेल की भारतीय बास्केट संरचना में 63.5:36.5 के अनुपात में खट्टे ग्रेड के लिए ओमान और दुबई के औसत और मीठे ग्रेड के लिए ब्रेंट (दिनांकित) को दर्शाया गया है।

**स्रोत:** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी, मई 2010 के लिए विश्व बैंक का पण्य मूल्य पिंक शीट, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार।

गैर-पीओएल आयात में आई मंदी का मुख्य कारण पूंजीगत माल, मोती, मूल्यवान तथा अर्ध मूल्यवान पत्थर, सोने और चांदी, उर्वरक और अलौह धातु के आयात में आई गिरावट है। पूंजीगत माल के अंतर्गत मशीनरी और परिवहन उपकरणों के आयात में पूंजीगत माल के अन्य घटकों से अधिक गिरावट दर्ज की गई। तथपि, थोक उपभोग वस्तुओं के आयात में अप्रैल-नवंबर 2008 के दौरान रही लगभग स्थिरता के मुकाबले उसी अवधि में 75.9 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर्ज की गई। अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, कुल आयात में पूंजीगत वस्तुओं, सोने तथा चांदी और रसायनों का हिस्सा बढ़ गया, जबकि पेट्रोलियम, कच्चे तेल और तेल उत्पादों, मोती, मूल्यवान और कम-मूल्यवान पत्थर, धातुमय अयस्क, धातु स्क्रैप, आदि और उर्वरक का हिस्सा गिर गया (सारणी 5)।

स्रोत-वार, अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, भारत के कुल आयात में विकासशील देशों का हिस्सा सबसे अधिक (33.3 प्रतिशत) रहा, उसके बाद ओईसीडी और ओपेक

**सारणी 5: प्रधान पण्यों के आयात**

(प्रतिशत हिस्सा)

| पण्य /समूह | 2007-08 | 2008-09 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल- मार्च | | अप्रैल -नवंबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. पेट्रोलियम, कच्चे तेल और उत्पाद | 31.7 | 30.8 | 32.7 | 29.9 |
| 2. पूंजीगत माल | 27.9 | 23.6 | 21.6 | 22.5 |
| 3. सोना और चांदी | 7.1 | 7.2 | 8.5 | 8.8 |
| 4. कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन | 3.9 | 4.0 | 4.1 | 4.3 |
| 5. कोयला, कोक और ब्रिकेट, आदि | 2.6 | 3.3 | 3.3 | 3.3 |
| 6. उर्वरक | 2.2 | 4.5 | 5.0 | 2.9 |
| 7. धात्विक अयस्क, धातु स्क्रैप, आदि | 3.1 | 2.6 | 2.7 | 2.5 |
| 8. लोहा और इस्पात | 3.5 | 3.1 | 3.0 | 3.0 |
| 9. मोती, बहुमूल्य और अर्द्ध कीमती पत्थर | 3.2 | 5.5 | 5.4 | 5.0 |
| 10. अन्य | 14.8 | 15.4 | 13.7 | 17.8 |
| **कुल आयात** | 100.0 | 100.0 | 100.0 | 100.0 |

**स्रोत :** डीजीसीआइएण्डएस आंकड़ों से संकलित।

देश रहे (सारणी 6)। उसी दौरान विकासशील देश और ओईसीडी देशों के हिस्से में वृद्धि हुई, जबकि ओपेक देशों के हिस्से में गिरावट दर्ज की गई । देश-वार, कुल आयात में 11.3 प्रतिशत के हिस्से के साथ चीन आयात का अकेला

**सारणी 6: भारत के आयात में समूहों/देशों के हिस्से**

(प्रतिशत हिस्सा)

| क्षेत्र / देश | 2007-08 | 2008-09 | 2008-09 | 2009-10 |
|---|---|---|---|---|
| | अप्रैल- मार्च | | अप्रैल-नवंबर | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **I. ओईसीडी देश** | **35.4** | **31.7** | **31.6** | **32.2** |
| यूरोपीय संघ | 15.3 | 13.9 | 13.3 | 13.4 |
| फ्रांस | 2.5 | 1.5 | 1.4 | 1.1 |
| जर्मनी | 3.9 | 3.9 | 3.4 | 3.7 |
| यूके | 2.0 | 1.9 | 2.0 | 1.6 |
| उत्तर अमरीका | 9.1 | 6.9 | 6.8 | 6.6 |
| अमरीका | 8.4 | 6.1 | 6.1 | 5.8 |
| एशिया और ओशेनिया | 5.8 | 6.3 | 6.2 | 6.7 |
| अन्य ओईसीडी देश | 5.2 | 4.6 | 5.3 | 5.4 |
| **II. ओपेक** | **30.7** | **32.1** | **34.2** | **31.5** |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1.5** | **2.2** | **2.2** | **2.4** |
| **IV. विकासशील देश** | **31.5** | **31.9** | **31.1** | **33.3** |
| एशिया | 25.5 | 25.9 | 25.1 | 26.4 |
| सार्क | 0.8 | 0.6 | 0.6 | 0.6 |
| अन्य एशियाई विकासशील देश | 24.7 | 25.3 | 24.5 | 25.8 |
| *जिनमें से:* | | | | |
| पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना | 10.8 | 10.6 | 10.2 | 11.3 |
| अफ्रीका | 3.7 | 4.1 | 4.3 | 4.4 |
| लैटिन अमरीका | 2.3 | 1.9 | 1.7 | 2.5 |
| **V. अन्य/ अविनिर्दिष्ट** | **0.9** | **2.1** | **0.9** | **0.6** |
| **कुल आयात** | **100.0** | **100.0** | **100.0** | **100.0** |

**स्रोत** : डीजीसीआइएण्डएस आंकड़ों से संकलित।


सबसे बड़ा स्रोत बना रहा, जिसके बाद संयुक्त अरब अमीरात, यूएस, सऊदी अरब और स्विटजरलैंड का स्थान था। भारत के आयात में इन पांच देशों का हिस्सा लगभग 33.3 प्रतिशत था । अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, भारत के आयात की दिशा इस बात का संकेत देती है कि सभी प्रमुख क्षेत्रों से होनेवाले आयात में गिरावट आई है (विवरण 5)।

## व्यापार घाटा

व्यापार घाटा अप्रैल 2010 के दौरान 10.4 बिलियन अमरीकी डॉलर का व्यापार घाटा अप्रैल 2009 के 6.7 बिलियन अमरीकी डॉलर के व्यापार घाटे से 3.7 बिलियन अमरीकी डॉलर (56.6 प्रतिशत) अधिक था। इसका प्रमुख कारण इस माह के दौरान निर्यात की तुलना में आयात में अपेक्षाकृत अधिक वृद्धि है (विवरण 1 चार्ट 1)।

अप्रैल-नवंबर 2009 के दौरान, तेल खाते पर व्यापार घाटा 35.7 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया,जो एक वर्ष पूर्व के 54.4 बिलियन अमरीकी डॉलर से 18.7 बिलियन अमरीकी डॉलर कम था। इसी दौरान 29.4 बिलियन अमरीकी डॉलर पर गैर-तेल खाते का व्यापार घाटा अप्रैल-नवंबर 2008 के 45.8 बिलियन अमरीकी डॉलर से 16.4 बिलियन अमरीकी डॉलर कम था।

**चार्ट 2 : विश्व निर्यात वृद्धि की प्रवृत्ति**




## वैश्विक व्यापार

विश्व पण्य निर्यात में एक वर्ष गिरावट दर्ज करने के बाद नवंबर 2009 में टर्नअराउंड आ गया (सारणी

**सारणी 7: निर्यात में वृद्धि - वैश्विक परिदृश्य**

(प्रतिशत)

| क्षेत्र / देश | 2008 | 2009 | 2009 | 2010 |
|---|---|---|---|---|
| | जनवरी - दिसम्बर | | जनवरी - फरवरी | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| **विश्व** | **16.1** | **-21.4** | **-29.6** | **23.8** |
| **उन्नत अर्थव्यवस्थाएं** | **10.9** | **-21.2** | **-31.3** | **19.9** |
| अमरीका | 11.9 | -18.8 | -21.9 | 17.3 |
| फ्रांस | 10.1 | -22.2 | -31.6 | 13.0 |
| जर्मनी | 9.6 | -22.3 | -31.7 | 11.4 |
| जापान | 12.3 | -26.1 | -43.9 | 44.4 |
| **उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाएं** | **25.6** | **-21.9** | **-27.4** | **25.0*** |
| सिंगापुर | 13.0 | -20.2 | -35.1 | 36.9 |
| चीन | 17.3 | -15.9 | -21.1 | 21.0* |
| भारत | 29.7 | -16.5 | -23.7** | 35.3** |
| इंडोनेशिया | 24.4 | -19.4 | -31.5 | 39.4 |
| कोरिया | 13.6 | -14.3 | -26.7 | 37.3 |
| मलेशिया | 19.1 | -24.9 | -30.0 | 35.4 |
| थाईलैंड | 12.9 | -12.0 | -21.4 | 28.2 |

* जनवरी 2009 की तुलना में जनवरी 2010 से संबंधित।  ** पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि की तुलना में जनवरी-अप्रैल से संबंधित।


**स्रोत** : 1. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (www.imfstatistics.org )।
2. भारत के लिए वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

7 और चार्ट 2) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी (आइएफएस) के नीवनतम मासिक आंकड़ों के अनुसार, हाल ही के महीनों में उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के निर्यात में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में उच्चतर वृद्धि दर्ज की गई।

## विश्व पण्य मूल्य

आइएमएफ की अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी (आइएफएस) के अनुसार, विश्व पण्य मूल्यों में तेरह महीनों से लगातार गिरावट हो रही थी तथा नवंबर 2009 से उनमें वृद्धि देखी गई और तब से कीमतों में ऊर्ध्वमुखी प्रवृत्ति बनी रही। अप्रैल 2010 में पण्यों की कीमतों में 48.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई (चार्ट 3)। इस माह के दौरान, ऊर्जा, खाद्य तथा धातु के दामों में क्रमशः 60.1 प्रतिशत, 8.5 प्रतिशत और 69.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

चार्ट 3: विश्व पण्य मूल्य



**विवरण: भारत का विदेश व्यापार**

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार शेष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | गैर तेल | कुल | तेल | गैर तेल | कुल | तेल | गैर तेल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **अप्रैल-मार्च करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2007-08 | 6,55,864 | 1,14,192 | 5,41,672 | 10,12,312 | 3,20,655 | 6,91,657 | -3,56,448 | -2,06,463 | -1,49,985 |
| | (14.7) | (35.1) | (11.2) | (20.4) | (24.0) | (18.9) | | | |
| 2008-09 सं | 8,40,754 | 1,23,398 | 7,17,356 | 13,74,434 | 4,19,946 | 9,54,488 | -5,33,680 | -2,96,548 | -2,37,132 |
| | (28.2) | (8.1) | (32.4) | (35.8) | (31.0) | (38.0) | | | |
| 2009-10 अ | 8,35,264 | .. | .. | 13,18,188 | 4,04,021 | 9,14,167 | -4,82,924 | .. | .. |
| | (-0.7) | | | (-4.1) | (-3.8) | (-4.2) | | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2007-08 | 1,62,904 | 28,363 | 1,34,541 | 2,51,439 | 79,645 | 1,71,795 | -88,535 | -51,281 | -37,254 |
| | (28.9) | (52.2) | (24.8) | (35.4) | (39.9) | (33.4) | | | |
| 2008-09 सं | 1,85,295 | 26,830 | 1,58,466 | 3,03,696 | 93,667 | 2,10,029 | -1,18,401 | -66,838 | -51,564 |
| | (13.7) | (-5.4) | (17.8) | (20.8) | (17.6) | (22.3) | | | |
| 2009-10 अ | 1,76,574 | .. | .. | 2,78,681 | 85,473 | 1,93,208 | -1,02,107 | .. | .. |
| | (-4.7) | | | (-8.2) | (-8.7) | (-8.0) | | | |
| **अप्रैल करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2008-09 | 73,883 | 11,376 | 62,507 | 121,335 | 35,742 | 85,593 | -47,453 | -24,366 | -23,087 |
| | (54.8) | (29.3) | (60.5) | (56.7) | (54.4) | (57.7) | | | |
| 2009-10 सं | 62,064 | 7,592 | 54,472 | 95,377 | 23,726 | 71,651 | -33,313 | -16,134 | -17,179 |
| | (-16.0) | (-33.3) | (-12.9) | (-21.4) | (-33.6) | (-16.3) | | | |
| 2010-11 अ | 75,147 | .. | .. | 121,517 | 35,950 | 85,567 | -46,370 | .. | .. |
| | (21.1) | | | (27.4) | (51.5) | (19.4) | | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2008-09 | 18,460 | 2,842 | 15,618 | 30,317 | 8,931 | 21,386 | -11,857 | -6,088 | -5,768 |
| | (63.0) | (36.2) | (69.0) | (65.0) | (62.6) | (66.1) | | | |
| 2009-10 सं | 12,398 | 1,517 | 10,881 | 19,052 | 4,739 | 14,313 | -6,654 | -3,222 | -3,432 |
| | (-32.8) | (-46.6) | (-30.3) | (-37.2) | (-46.9) | (-33.1) | | | |
| 2010-11 अ | 16,887 | .. | .. | 27,308 | 8,079 | 19,229 | -10,420 | .. | .. |
| | (36.2) | | | (43.3) | (70.5) | (34.3) | | | |

अ: अनंतिम सं: संशोधित .. उपलब्ध नहीं

**नोट:** काष्ठकों के आंकड़े पिछले तदनुरूप अवधि की तुलना में प्रतिशत घटबढ़ से संबंधित हैं।

**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन निदेशालय।

## विवरण 2: भारत के प्रमुख पण्यों का निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| पण्य / समूह | अप्रैल-नवंबर | | | प्रतिशत घटबढ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 सं | 2009-10 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **15,184.7** | **17,844.3** | **14,783.4** | **17.5** | **-17.2** |
| | **(15.0)** | **(13.3)** | **(13.6)** | | |
| **क. कृषि एवं संबद्ध उत्पाद** | **10,186.8** | **12,771.9** | **10,012.3** | **25.4** | **-21.6** |
| *जिसमें से:* | **(10.1)** | **(9.5)** | **(9.2)** | | |
| 1. चाय | 330.2 | 425.8 | 394.0 | 29.0 | -7.5 |
| 2. कॉफ़ी | 271.9 | 356.3 | 253.9 | 31.0 | -28.7 |
| 3. चावल | 1,613.1 | 1,654.7 | 1,587.4 | 2.6 | -4.1 |
| 4. गेहूँ | 0.1 | 0.1 | 0.0 | - | - |
| 5. कच्ची रूई, बेकार पदार्थ सहित | 627.5 | 452.3 | 561.3 | -27.9 | 24.1 |
| 6. तंबाकू | 321.8 | 503.6 | 615.9 | 56.5 | 22.3 |
| 7. काजू , सीएनएसएल सहित | 352.0 | 477.9 | 394.6 | 35.7 | -17.4 |
| 8. मसाले | 858.2 | 979.0 | 822.2 | 14.1 | -16.0 |
| 9. खली | 793.5 | 1,536.6 | 958.1 | 93.6 | -37.6 |
| 10. समुद्री उत्पाद | 1,273.3 | 1,127.2 | 1,130.9 | -11.5 | 0.3 |
| 11. चीनी और शीरा | 792.9 | 970.7 | 16.4 | 22.4 | -98.3 |
| **ख. अयस्क और खनिज** | **4,997.9** | **5,072.4** | **4,771.1** | **1.5** | **-5.9** |
| *जिसमें से:* | **(4.9)** | **(3.8)** | **(4.4)** | | |
| 1. लौह अयस्क | 2,844.5 | 2,715.9 | 3,139.7 | -4.5 | 15.6 |
| 2. संसाधित खनिज | 817.9 | 1,018.2 | 786.7 | 24.5 | -22.7 |
| **II. विनिर्मित माल** | **65,447.9** | **87,751.6** | **71,702.8** | **34.1** | **-18.3** |
| *जिसमें से:* | **(64.7)** | **(65.4)** | **(65.9)** | | |
| **क. चमड़ा और विनिर्मित वस्तुएं** | **2,273.4** | **2,512.5** | **2,112.2** | **10.5** | **-15.9** |
| **ख. रसायन और संबंधित उत्पाद** | **13,132.5** | **16,038.9** | **14,009.3** | **22.1** | **-12.7** |
| 1. बुनियादी रसायन, फार्मास्यूटीकलस और प्रसाधन सामग्री | 8,548.2 | 10,773.9 | 9,693.7 | 26.0 | -10.0 |
| 2. प्लास्टिक और लिनोलियम | 2,144.1 | 2,287.2 | 2,002.3 | 6.7 | -12.5 |
| 3. रबर, ग्लास, पेंट्स और एनामेल आदि, | 1,862.2 | 2,162.0 | 1,686.4 | 16.1 | -22.0 |
| 4. अवशिष्ट रसायन एवं संबद्ध उत्पाद | 578.0 | 815.7 | 626.9 | 41.1 | -23.2 |
| **ग. इंजीनियरिंग सामान** | **23,066.5** | **33,607.7** | **24,754.5** | **45.7** | **-26.3** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. धातुओं की विनिर्मित वस्तुएं | 4,293.7 | 5,261.0 | 3,579.8 | 22.5 | -32.0 |
| 2. मशीनरी और उपकरण | 5,615.7 | 7,521.1 | 6,090.0 | 33.9 | -19.0 |
| 3. परिवहन उपस्कर | 4,133.4 | 7,271.0 | 6,548.4 | 75.9 | -9.9 |
| 4. लोहा और इस्पात | 3,490.4 | 4,741.5 | 2,132.1 | 35.8 | -55.0 |
| 5. इलेक्ट्रॉनिक सामान | 2,103.7 | 4,766.8 | 3,937.2 | 126.6 | -17.4 |
| **घ. वस्त्र और वस्त्र उत्पाद** | **12,454.6** | **13,382.3** | **12,175.5** | **7.4** | **-9.0** |
| 1. रूई के धागे, कपड़े, निर्मित वस्त्र आदि | 2,967.8 | 2,979.5 | 2,151.8 | 0.4 | -27.8 |
| 2. प्राकृतिक सिल्क धागे, कपड़े निर्मित वस्त्र आदि (बर्बाद रेशम सहित) | 250.0 | 260.1 | 197.7 | 4.0 | -24.0 |
| 3. मानव निर्मित धागे, कपड़े, निर्मित वस्त्र आदि | 1,896.8 | 2,196.2 | 2,277.5 | 15.8 | 3.7 |
| 4. मानव निर्मित स्टेपल रेशे | 162.2 | 196.6 | 214.2 | 21.2 | 9.0 |
| 5. ऊनी धागा, कपड़े, निर्मित वस्त्र आदि | 57.0 | 68.7 | 57.3 | 20.4 | -16.5 |
| 6. रेडीमेड गारमेंट्स | 6,159.5 | 6,785.3 | 6,567.1 | 10.2 | -3.2 |
| 7. जूट और जूट की विनिर्मित वस्तुएं | 217.4 | 232.5 | 148.3 | 7.0 | -36.2 |
| 8. कॉयर और कॉयर की विनिर्मित वस्तुएं | 104.0 | 101.2 | 105.2 | -2.7 | 4.0 |
| 9. कालीनों | 640.0 | 562.4 | 456.2 | -12.1 | -18.9 |
| (क) हस्त कालीन | 628.6 | 556.2 | 449.9 | -11.5 | -19.1 |
| (ख) मिल में बने कालीन | 0.0 | 0.0 | 0.0 | - | - |
| (ग) सिल्क कालीन | 11.4 | 6.2 | 6.3 | -46.0 | 2.4 |
| **ङ. रत्न और आभूषण** | **13,263.2** | **21,011.4** | **17,517.1** | **58.4** | **-16.6** |
| **च. हस्तशिल्प** | **398.7** | **237.5** | **137.1** | **-40.4** | **-42.3** |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **17,252.4** | **22,152.3** | **16,292.9** | **28.4** | **-26.5** |
| | **(17.1)** | **(16.5)** | **(15.0)** | | |
| **IV. अन्य** | **3,257.9** | **6,452.7** | **6,069.0** | **98.1** | **-5.9** |
| | **(3.2)** | **(4.8)** | **(5.6)** | | |
| **कुल निर्यात** | **101,142.9** | **134,200.9** | **108,848.1** | **32.7** | **-18.9** |

अ:अनंतिम सं: संशोधित

**नोट:** कोष्ठकों के आंकड़े अवधि के लिए कुल निर्यात के प्रतिशत से संबद्ध हैं।

**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय

## विवरण 3: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-नवंबर | | | प्रतिशत घटबढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 सं | 2009-10 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. ओईसीडी देश** | **40,941.8** | **48,442.2** | **39,869.8** | **18.3** | **-17.7** |
| **क. यूरोपियन यूनियन** | **21,784.3** | **27,210.3** | **22,334.4** | **24.9** | **-17.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 2,714.8 | 3,359.5 | 2,260.0 | 23.7 | -32.7 |
| 2. फ्रांस | 1,598.8 | 1,999.4 | 2,131.9 | 25.1 | 6.6 |
| 3. जर्मनी | 3,227.7 | 4,322.2 | 3,286.8 | 33.9 | -24.0 |
| 4. इटली | 2,491.8 | 2,644.6 | 2,010.5 | 6.1 | -24.0 |
| 5. नीदरलैंड | 3,156.6 | 4,347.3 | 4,346.8 | 37.7 | 0.0 |
| 6. यूके | 4,389.0 | 4,669.3 | 4,025.6 | 6.4 | -13.8 |
| **ख. उत्तर अमरीका** | **14,494.0** | **16,069.8** | **12,788.0** | **10.9** | **-20.4** |
| 1. कनाडा | 809.4 | 932.8 | 725.2 | 15.3 | -22.3 |
| 2. अमरीका | 13,684.6 | 15,137.0 | 12,062.8 | 10.6 | -20.3 |
| **ग. एशिया और ओशेनिया** | **3,020.6** | **3,241.8** | **3,288.8** | **7.3** | **1.5** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. ऑस्ट्रेलिया | 764.8 | 993.1 | 891.3 | 29.9 | -10.3 |
| 2. जापान | 2,164.4 | 2,106.6 | 2,205.0 | -2.7 | 4.7 |
| **घ. अन्य ओईसीडी देश** | **1,643.0** | **1,920.3** | **1,458.6** | **16.9** | **-24.0** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. स्विटजरलैंड | 386.3 | 527.6 | 382.6 | 36.6 | -27.5 |
| **II. ओपेक** | **17,221.7** | **29,514.0** | **23,769.5** | **71.4** | **-19.5** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 1,159.6 | 1,918.6 | 2,046.9 | 65.5 | 6.7 |
| 2. ईरान | 1,548.3 | 1,768.4 | 1,224.1 | 14.2 | -30.8 |
| 3. इराक | 144.0 | 313.1 | 337.9 | 117.4 | 7.9 |
| 4. कुवैत | 418.2 | 583.7 | 499.8 | 39.6 | -14.4 |
| 5. सऊदी अरब | 2,181.8 | 3,989.4 | 2,658.5 | 82.8 | -33.4 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 10,087.9 | 18,491.4 | 14,450.7 | 83.3 | -21.9 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1,119.2** | **1,505.3** | **1,095.8** | **34.5** | **-27.2** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. रूस | 580.0 | 796.7 | 589.5 | 37.4 | -26.0 |
| **IV. विकासशील देश** | **40,964.3** | **49,878.7** | **40,941.4** | **21.8** | **-17.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **30,007.3** | **36,339.9** | **30,803.9** | **21.1** | **-15.2** |
| **क) सार्क** | **5,287.0** | **6,172.1** | **4,846.6** | **16.7** | **-21.5** |
| 1. अफ़ग़ानिस्तान | 161.4 | 253.2 | 334.5 | 56.9 | 32.1 |
| 2. बांग्लादेश | 1,431.3 | 1,825.8 | 1,477.5 | 27.6 | -19.1 |
| 3. भूटान | 56.0 | 78.9 | 67.3 | 40.8 | -14.6 |
| 4. मालदीव | 56.0 | 73.2 | 53.1 | 30.8 | -27.5 |
| 5. नेपाल | 868.9 | 1,104.5 | 807.4 | 27.1 | -26.9 |
| 6. पाकिस्तान | 1,014.6 | 986.3 | 965.7 | -2.8 | -2.1 |
| 7. श्रीलंका | 1,698.8 | 1,850.2 | 1,141.0 | 8.9 | -38.3 |
| **ख) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **24,720.2** | **30,167.8** | **25,957.3** | **22.0** | **-14.0** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना | 5,916.6 | 5,764.6 | 5,881.0 | -2.6 | 2.0 |
| 2. हांगकांग | 3,949.7 | 4,735.8 | 4,816.0 | 19.9 | 1.7 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 1,513.6 | 2,515.4 | 2,027.4 | 66.2 | -19.4 |
| 4. मलेशिया | 1,415.9 | 1,958.9 | 1,942.7 | 38.4 | -0.8 |
| 5. सिंगापुर | 4,472.3 | 6,441.0 | 4,321.4 | 44.0 | -32.9 |
| 6. थाईलैंड | 1,141.7 | 1,490.9 | 1,056.8 | 30.6 | -29.1 |
| **आ. अफ्रीका** | **7,788.5** | **8,890.6** | **6,746.6** | **14.2** | **-24.1** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेनिन | 147.6 | 138.7 | 128.6 | -6.0 | -7.3 |
| 2. मिस्र अरब गणराज्य | 841.6 | 1,326.5 | 839.2 | 57.6 | -36.7 |
| 3. केन्या | 879.9 | 1,062.4 | 991.4 | 20.7 | -6.7 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 1,620.9 | 1,481.3 | 1,429.1 | -8.6 | -3.5 |
| 5. सूडान | 251.0 | 324.5 | 277.2 | 29.3 | -14.6 |
| 6. तंज़ानिया | 360.9 | 770.7 | 644.4 | 113.5 | -16.4 |
| 7. ज़ाम्बिया | 100.3 | 78.1 | 56.4 | -22.1 | -27.8 |
| **इ. लैटिन अमरीकी देश** | **3,168.6** | **4,648.2** | **3,390.8** | **46.7** | **-27.1** |
| **V. अन्य** | **757.4** | **1,693.7** | **396.2** | **123.6** | **-76.6** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **138.5** | **3,166.9** | **2,775.5** | **–** | **-12.4** |
| **कुल निर्यात** | **101,142.9** | **134,200.9** | **108,848.1** | **32.7** | **-18.9** |

अ : अनंतिम सं: संशोधित

**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय

## विवरण 4: भारत के प्रमुख पण्यों के आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| पण्य / समूह | अप्रैल-नवंबर | | | प्रतिशत घटबढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 सं | 2009-10 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. थोक आयात** | **69,630.1** | **112,519.0** | **75,981.4** | **61.6** | **-32.5** |
| | **(42.7)** | **(48.0)** | **(43.7)** | | |
| **अ. पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पाद और संबंधित सामग्री** | **47,597.0** | **76,523.6** | **52,027.9** | **60.8** | **-32.0** |
| | **(29.2)** | **(32.7)** | **(29.9)** | | |
| **आ. थोक उपभोक्ता माल** | **3,021.7** | **2,991.8** | **5,261.4** | **-1.0** | **75.9** |
| 1. गेहूँ | 269.1 | 0.0 | 0.0 | - | - |
| 2. अनाज और अनाज से बनी वस्तुएं | 25.1 | 31.4 | 29.0 | 25.1 | -7.9 |
| 3. खाद्य तेल | 1,863.7 | 2,075.7 | 3,359.9 | 11.4 | 61.9 |
| 4. दाल | 863.2 | 877.5 | 1,194.2 | 1.7 | 36.1 |
| 5. चीनी | 0.5 | 7.1 | 678.3 | - | - |
| **इ. अन्य थोक मदें** | **19,011.4** | **33,003.6** | **18,692.0** | **73.6** | **-43.4** |
| 1. उर्वरक | 3,603.0 | 11,800.8 | 4,991.7 | 227.5 | -57.7 |
| क) क्रूड | 280.4 | 781.5 | 418.9 | 178.7 | -46.4 |
| ख) सल्फर और अनरोस्टेड आयरन पाइराइट | 160.1 | 625.6 | 67.1 | 290.7 | -89.3 |
| ग) विनिर्मित माल | 3,162.4 | 10,393.7 | 4,505.7 | 228.7 | -56.6 |
| 2. अलौह धातु | 2,286.8 | 5,153.4 | 1,949.8 | 125.4 | -62.2 |
| 3. कागज, पेपरबोर्ड और विनिर्मित वस्तुओं, अखबारी कागज सहित | 948.8 | 1,361.6 | 962.9 | 43.5 | -29.3 |
| 4. कच्चे रबड़, सिंथेटिक उद्धारित सहित | 503.6 | 741.8 | 644.1 | 47.3 | -13.2 |
| 5. लुगदी और कागज अपशिष्ट | 522.2 | 597.4 | 535.8 | 14.4 | -10.3 |
| 6. लौह धातु अयस्क और धातु स्क्रैप | 5,239.2 | 6,346.8 | 4,320.8 | 21.1 | -31.9 |
| 7. लोहा और इस्पात | 5,907.7 | 7,001.8 | 5,286.9 | 18.5 | -24.5 |
| **II. गैर थोक आयात** | **93,554.6** | **121,834.0** | **97,969.1** | **30.2** | **-19.6** |
| | **(57.3)** | **(52.0)** | **(56.3)** | | |
| **अ. पूंजीगत माल** | **36,574.9** | **50,552.0** | **39,095.7** | **38.2** | **-22.7** |
| 1. धातुओं की विनिर्मित वस्तुएं | 1,528.9 | 2,319.0 | 1,557.6 | 51.7 | -32.8 |
| 2. मशीन टूल्स | 1,380.6 | 1,679.6 | 1,023.8 | 21.7 | -39.0 |
| 3. मशीनरी, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर | 12,090.5 | 15,404.0 | 12,376.3 | 27.4 | -19.7 |
| 4. इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर इलेक्ट्रिकल मशीनरी | 1,864.1 | 2,755.0 | 2,044.2 | 47.8 | -25.8 |
| 5. कंप्यूटर सॉफ्टवेयर सहित इलेक्ट्रॉनिक सामान | 14,499.0 | 17,314.1 | 15,328.4 | 19.4 | -11.5 |
| 6. परिवहन उपस्कर | 4,370.4 | 8,980.8 | 4,020.3 | 105.5 | -55.2 |
| 7. परियोजना माल | 841.3 | 2,099.6 | 2,745.2 | 149.6 | 30.7 |
| **आ. मुख्य रूप से निर्यात संबद्ध मदें** | **14,639.9** | **24,613.0** | **18,267.4** | **68.1** | **-25.8** |
| 1. मोती, मूल्यवान और कम मूल्यवान | 6,133.9 | 12,624.2 | 8,630.3 | 105.8 | -31.6 |
| 2. रसायन, कार्बनिक और अकार्बनिक | 6,566.0 | 9,626.5 | 7,555.1 | 46.6 | -21.5 |
| 3. वस्त्र यार्न, फैब्रिक, आदि | 1,666.5 | 1,884.4 | 1,665.8 | 13.1 | -11.6 |
| 4. काजू, कच्ची | 273.6 | 477.9 | 416.1 | 74.7 | -12.9 |
| **इ. अन्य** | **42,339.7** | **46,669.0** | **40,606.4** | **10.2** | **-13.0** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. सोना और चांदी | 13,605.9 | 19,832.9 | 15,382.3 | 45.8 | -22.4 |
| 2. कृत्रिम रेजिन और प्लास्टिक सामग्री | 2,413.3 | 2,831.5 | 3,096.3 | 17.3 | 9.4 |
| 3. व्यावसायिक उपकरण आदि इलेक्ट्रिकल को छोड़कर | 1,990.1 | 3,029.4 | 2,344.3 | 52.2 | -22.6 |
| 4. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 4,053.9 | 7,648.9 | 5,672.9 | 88.7 | -25.8 |
| 5. औषधीय और भेषज उत्पाद | 1,119.1 | 1,250.7 | 1,368.2 | 11.8 | 9.4 |
| 6. रासायनिक सामग्री और उत्पाद | 1,051.5 | 1,555.3 | 1,490.0 | 47.9 | -4.2 |
| 7. गैर धात्विक खनिज विनिर्मित वस्तुएं | 670.2 | 880.0 | 690.8 | 31.3 | -21.5 |
| **कुल आयात** | **163,184.7** | **234,353.0** | **173,950.5** | **43.6** | **-25.8** |
| ज्ञापन मदें: | | | | | |
| **गैर तेल आयात** | **115,587.7** | **157,829.4** | **121,922.5** | **36.5** | **-22.8** |
| **गैर तेल आयात, सोने और चांदी को छोड़कर** | **101,981.8** | **137,996.5** | **106,540.3** | **35.3** | **-22.8** |
| **मुख्य रूप से औद्योगिक निविष्टियां *** | **93,807.7** | **121,581.6** | **94,428.8** | **29.6** | **-22.3** |

अ : अनंतिम. सं: संशोधित

*: गैर तेल आयात; सोने और चांदी के निवल , थोक उपभोक्ता माल, विनिर्मित उर्वरक और प्रोफेशनल उपकरणों को घटाकर।

**नोट:** कोष्ठकों के आंकड़े अवधि के लिए कुल आयात के प्रतिशत से संबद्ध हैं।

**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय

## विवरण 5: भारत के विदेश व्यापार की दिशा - आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-नवंबर | | | प्रतिशत घटबढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2007-08 | 2008-09 सं | 2009-10 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. ओईसीडी देश** | **51,952.2** | **74,085.7** | **56,029.4** | **42.6** | **-24.4** |
| **क. यूरोपियन यूनियन** | **22,567.9** | **31,134.9** | **23,382.6** | **38.0** | **-24.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 3,429.1 | 4,778.9 | 3,738.6 | 39.4 | -21.8 |
| 2. फ्रांस | 1,704.3 | 3,274.8 | 1,882.7 | 92.2 | -42.5 |
| 3. जर्मनी | 6,060.6 | 7,911.8 | 6,368.9 | 30.5 | -19.5 |
| 4. इटली | 2,473.3 | 3,298.8 | 2,346.4 | 33.4 | -28.9 |
| 5. नीदरलैंड | 1,081.4 | 1,373.2 | 1,319.7 | 27.0 | -3.9 |
| 6. यूके | 3,418.0 | 4,667.1 | 2,784.6 | 36.5 | -40.3 |
| **ख. उत्तर अमरीका** | **10,365.4** | **16,019.9** | **11,481.3** | **54.6** | **-28.3** |
| 1. कनाडा | 1,279.6 | 1,821.9 | 1,385.6 | 42.4 | -23.9 |
| 2. अमरीका | 9,085.8 | 14,198.1 | 10,095.7 | 56.3 | -28.9 |
| **ग. एशिया और ओशेनिया** | **9,906.5** | **14,491.6** | **11,740.4** | **46.3** | **-19.0** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. ऑस्ट्रेलिया | 5,540.3 | 8,461.7 | 7,255.0 | 52.7 | -14.3 |
| 2. जापान | 4,149.8 | 5,712.0 | 4,162.7 | 37.6 | -27.1 |
| **घ. अन्य ओईसीडी देश** | **9,112.4** | **12,439.3** | **9,425.1** | **36.5** | **-24.2** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. स्विटजरलैंड | 7,434.6 | 10,415.3 | 7,844.4 | 40.1 | -24.7 |
| **II. ओपेक** | **46,979.8** | **80,210.5** | **54,717.1** | **70.7** | **-31.8** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 3,119.7 | 4,547.5 | 5,242.8 | 45.8 | 15.3 |
| 2. ईरान | 6,694.8 | 9,561.3 | 7,601.9 | 42.8 | -20.5 |
| 3. इराक | 3,897.2 | 6,568.9 | 4,581.6 | 68.6 | -30.3 |
| 4. कुवैत | 4,047.0 | 7,439.4 | 5,125.8 | 83.8 | -31.1 |
| 5. सऊदी अरब | 11,433.1 | 16,121.5 | 10,052.4 | 41.0 | -37.6 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 8,375.6 | 19,304.9 | 10,263.5 | 130.5 | -46.8 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **2,568.6** | **5,217.5** | **4,201.2** | **103.1** | **-19.5** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. रूस | 1,636.1 | 3,452.7 | 2,629.1 | 111.0 | -23.9 |
| **IV. विकासशील देश** | **51,530.6** | **72,827.6** | **57,861.0** | **41.3** | **-20.6** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **41,790.7** | **58,739.0** | **45,847.2** | **40.6** | **-21.9** |
| **क) सार्क** | **1,221.4** | **1,347.9** | **1,023.1** | **10.4** | **-24.1** |
| 1. अफ़ग़ानिस्तान | 60.3 | 83.6 | 70.8 | 38.8 | -15.4 |
| 2. बांग्लादेश | 176.7 | 254.5 | 166.5 | 44.0 | -34.6 |
| 3. भूटान | 137.0 | 108.4 | 91.6 | -20.9 | -15.5 |
| 4. मालदीव | 2.7 | 2.9 | 1.3 | 8.2 | -54.4 |
| 5. नेपाल | 344.4 | 373.5 | 311.0 | 8.4 | -16.7 |
| 6. पाकिस्तान | 194.5 | 274.5 | 172.7 | 41.1 | -37.1 |
| 7. श्रीलंका | 305.8 | 250.4 | 209.2 | -18.1 | -16.5 |
| **ख) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **40,569.3** | **57,391.2** | **44,824.1** | **41.5** | **-21.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना | 17,821.2 | 23,824.4 | 19,606.4 | 33.7 | -17.7 |
| 2. हांगकांग | 1,887.0 | 4,319.7 | 2,725.0 | 128.9 | -36.9 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 3,766.1 | 6,562.5 | 5,179.8 | 74.3 | -21.1 |
| 4. मलेशिया | 3,964.9 | 5,449.1 | 3,176.3 | 37.4 | -41.7 |
| 5. सिंगापुर | 5,107.3 | 5,627.2 | 3,938.3 | 10.2 | -30.0 |
| 6. थाईलैंड | 1,571.2 | 2,007.3 | 1,882.0 | 27.8 | -6.2 |
| **आ. अफ्रीका** | **6,176.7** | **10,164.0** | **7,630.2** | **64.6** | **-24.9** |
| *जिसमें से:* | | | | | |
| 1. बेनिन | 61.2 | 105.5 | 110.1 | 72.5 | 4.4 |
| 2. मिस्र अरब गणराज्य | 1,308.4 | 1,400.2 | 1,053.6 | 7.0 | -24.8 |
| 3. केन्या | 57.6 | 56.2 | 50.4 | -2.5 | -10.2 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 2,489.2 | 4,500.6 | 3,538.9 | 80.8 | -21.4 |
| 5. सूडान | 198.6 | 332.5 | 288.4 | 67.4 | -13.3 |
| 6. तंज़ानिया | 58.2 | 87.3 | 128.6 | 50.1 | 47.3 |
| 7. जाम्बिया | 65.6 | 127.0 | 65.4 | 93.8 | -48.5 |
| **इ. लैटिन अमरीकी देश** | **3,563.1** | **3,924.6** | **4,383.6** | **10.1** | **11.7** |
| **V. अन्य** | **9,738.8** | **1,248.7** | **428.0** | **-87.2** | **-65.7** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **414.7** | **763.0** | **713.7** | **84.0** | **-6.5** |
| **कुल आयात** | **163,184.7** | **234,353.0** | **173,950.5** | **43.6** | **-25.8** |

अ:अनंतिम. सं: संशोधित

**स्रोत:** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय